# शूटिंग स्कीट इवेंट में कांस्य, सॉफ्ट टेनिस में जय ने रचा इतिहास

**टोक्यों। एशियन गेम्स में भारत को आज तीन बड़ी सफलताएं मिल गई हैं। जापान के आइची-नागोया में चल रहे एशियाई खेलों में भारत ने शूटिंग में अपना सातवां मेडल जीता। राइजा ढिल्लों, माहेश्वरी चौहान और परिनाज धालीवाल की महिला स्कीट टीम ने कुल 331 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है। वहीं पुरुष वर्ग में भी कांस्य मिला। दूसरी तरफ एक बड़ी कामयाबी सॉफ्ट टेनिस में लगी। देवास के निवासी जय मीणा ने कांस्य पदक हासिल किया। जय का यह पदक भारत का इस खेल सॉफ्ट टेनिस के इतिहास में पहला एशियाड मेडल है। जय ने सेमीफाइनल कड़ा संघर्ष किया लेकिन करीबी मुकाबले में हार के बाद सिल्वर या गोल्ड से दूर हो गए। अन्य खेलों में भी भारत के खिलाड़ियों ने अपना दबदबा बनाया। कबड्डी टीम लगातार जीत दर्ज कर पदक की ओर अग्रसर हो रही है।**





## शूटिंग में आए दो पदक

स्कीट इवेंट में हर शूटर को कुल 125 पॉइंट्स में से ज्यादा से ज्यादा पॉइंट्स हासिल करने की कोशिश करनी होती है। परिनाज़ और राइज़ा, दोनों ने 125 में से 111 पॉइंट्स हासिल किए, जबकि माहेश्वरी ने 109 पॉइंट्स के साथ पोडियम पर जगह बनाई। भारतीय शूटर्स ने एशियन गेम्स में भारत को एक और पदक दिला दिया है। भावतेग सिंह गिल, अनंतजीत सिंह नरुका और मैराज अहमद खान की तिकड़ी ने एशियन गेम्स में पुरुषों के स्कीट टीम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। अब शूटिंग रेंज से भारत के नाम चार सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल हो गए हैं।

## कांस्य से करना पड़ा संतोष

जय मीना एशियन गेम्स में भारत के लिए सॉफ्ट टेनिस में मेडल जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने हैं। उन्होंने मेन्स सिंगल्स में ब्रॉन्ज मेडल जीता। सेमीफाइनल मैच में उन्हें जापान के ताकुया कुरोसाका के खिलाफ 2-4 (3-5, 1-4, 1-4, 4-1, 6-4, 1-4) स्कोरलाइन से हार झेलनी पड़ी। इसके साथ ही प्रतियोगिता में उनका सफर खत्म हो गया। इसके पूर्व देवास के जय मीना ने फिलीपींस के शेरविन नुगुइट को सात गेम के रोमांचक मुकाबले में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

## मीराबाई चानू का इवेंट शुरू

वेटलिफ्टिंग में मीराबाई चानू का मेडल इवेंट शुरू हो चुका है। वह 49 किलोग्राम भार वर्ग में हिस्सा ले रही हैं। भारत को उनसे स्वर्ण पदक की आस है। उनके पास एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने का सुनहरा मौका है। वह पहले इस प्रतियोगिता में पदक नहीं जीती हैं।

## कबड्डी में भारत की जीत

भारतीय महिला कबड्डी टीम ने ईरान को 37-23 के अंतर से हरा दिया है। भारतीय टीम ने पूरे मैच में बढ़त बनाए रखी और आसान जीत हासिल की। यह भारत की लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 42-21 से हराया था। पुरुष टीम भी लगातार जीत दर्ज कर रही है।

## टेबल टेनिस में आसान जीत

मानुष शाह और दिया चितले ने सिर्फ 18 मिनट में श्रीलंका की जोड़ी चनुल कुलप्पुवाडू-बिमांडी स्वर्णा को 3-0 (11-8, 12-10, 11-4) के स्कोर से हरा दिया। इसके साथ ही भारतीय जोड़ी ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा है। भारत को टेबल टेनिस में भी मेडल की आस है।



## मैंने सपने को हकीकत में बदल लिया

**नई दिल्ली।** एशियन गेम्स में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका के खिलाफ फाइनल मैच 147 रन से जीतकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। श्रेयंका पाटिल गोल्ड मेडल पहनकर और पोडियम पर खड़े होकर बहुत खुश महसूस करते हुए श्रेयंका पाटिल ने कहा मैंने सपने को हकीकत में बदल दिया है।

# लंका पहला वनडे 89 रन से हारा

**चेस्टर ले स्ट्रीट। इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैच की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 89 रन से जीत लिया है। इसके साथ ही इंग्लैंड की टीम ने सीरिज में 1-0 की बढ़त बना ली है।**

यह मैच इंग्लैंड में खेला गया, जहां आमतौर पर तेज गेंदबाजों का दबदबा रहता है, लेकिन इस मैच में स्पिन गेंदबाजों का जलवा देखने को मिला। इंग्लैंड के लिए पार्ट टाइम स्पिनर विल जैक्स ने 5 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच भी बने। इंग्लैंड के लिए कप्तान हैरी ब्रूक ने सबसे ज्यादा 67 रन बनाए। पार्ट-टाइम स्पिनर विल जैक्स के पांच विकेट की मदद से पहला वनडे इंटरनेशनल मैच 89 रन से जीत लिया। इंग्लैंड के दौरे पर श्रीलंकाई टीम पहली जीत के लिए तरस रही है। इससे पहले तीन टी-20 मैच की सीरिज में भी श्रीलंका का सूपड़ा साफ हो गया था। अब वनडे सीरिज में भी इसकी शुरुआत हो चुकी है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरें इंग्लैंड को पहला झटका 16 रन के स्कोर पर लगा, जब टॉम बैंटन पैवेलियन लौटे। इसके बाद श्रीलंकाई गेंदबाज नियमित अंतराल पर विकेट लेते रहे। हैरी ब्रूक के 67, जो रूट के 44 और विल जैक्स के नाबाद 46 रन की बदौलत इंग्लैंड की टीम 48.1 ओवर में 265 रन बनाने में सफल रही। श्रीलंका के लिए अशिथा फर्नांडो और सचिंदू ने 3-3 विकेट लिए। श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने इस मैच में खराब बल्लेबाजी की। 266 रन का पीछा करते हुए 27 रन पर पहला विकेट गिरा और 100 रन के स्कोर पर आधी टीम पवेलियन लौट गई। दुनिथ वेलालगे के 45 रन और कुशल मेंडिस के 42 रनों की बदौलत टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचा। अंत में श्रीलंकाई टीम 37 ओवर में 176 रन पर सिमट गई।

# ओपन वर्ल्ड कप में रचा इतिहास



**इंदौर।** आर्या चौधरी ने आंगोला डिपांडा ओपन वर्ल्ड कप में विश्व चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया। आर्या ने फाइनल मुकाबले में मेजबान देश आंगोला की खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में 60 से अधिक देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। भारत के लिए प्रिंस पांडे और आदित्य देव त्रिपाठी ने अपनी-अपनी श्रेणियों में कांस्य पदक हासिल किए, जबकि अरुण चंद्रवंशी ने भी प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया। भारतीय दल का मार्गदर्शन टीम कोच विकाश शर्मा और बिलाल मोहम्मद ने किया। भारतीय टीम ने एमएमए इंडिया नेशनल फेडरेशन के अंतर्गत शरीफ बापू के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। एक विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण और दो कांस्य पदक पर खिलाड़ियों को भारतीय तथा मध्यप्रदेश एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बधाई दी।



## एमरल्ड के खिलाड़ियों को सफलता

**इंदौर।** मेजबान एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल की बेटियों ने मैदान में विभिन्न ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धाओं में पदक जीतते हुए इंदौर का नाम रोशन किया। इंदौर की कामाक्षी भारद्वाज, अनीशा तोलानी, अक्षिता सौरभ और अन्वी जैन ने प्रतिष्ठित ऑल इंडिया आइपीएससी एथलेटिक्स स्पर्धा के पहले दिन मध्य प्रदेश के लिए पदक जीते। बालिका वर्ग में आयोजित स्पर्धा का औपचारिक शुभारंभ अजय सहनी के आतिथ्य में हुआ। इस दौरान टेक्निकल ऑब्जर्वर अजीत पाल गिल, वीरेंद्र सिंह और स्कूल के खेल अधिकारी अकरम खान मौजूद रहे।



## राज्य ताइक्वांडो स्पर्धा में 12 पदक जीते

**इंदौर।** द मिलेनियम स्कूल के छात्रों ने राज्य ताइक्वांडो चैंपियनशिप में कुल 12 पदक अपने नाम किए, जिनमें 9 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक शामिल हैं। विदेही मल्हार, यनिश केमरे, मोहम्मद हमजा, श्रेयांश हिरवे, तनिष्का पाटिल और समर्थ सिंह ने स्वर्ण पदक जीता, वहीं आर्यव बजाज और आरुष शर्मा ने रजत अपने नाम किया। सफलता पर प्राचार्या श्रीमती ममता शेखावत, खेल प्रभारी गगन चंद्रावत और कोच मिथिलेश कैमरे ने बधाई दी।

## तिवारी व जेठवा आमंत्रित





**इंदौर।** 75 वीं ऑल इंडिया पुलिस क्लस्टर गेम्स प्रतिस्पर्धा में बॉडी बिल्डिंग के राष्ट्रीय निर्णायक अतिन तिवारी को महिला/ पुरुष बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा के मुख्य निर्णायक के रूप में मध्य प्रदेश से आमंत्रित किया गया है। 24 एवं 25 सितंबर को करनाल में ऑल इंडिया पुलिस रेस्लिंग क्लस्टर गेम्स की स्पर्धा होगी। इंदौर के रोहित जेठवा को थाईलैंड में आयोजित हो रही 58वी एशिया बॉडीबिल्डिंग /फिजिक स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्हें दिनेश पालीवाल, समीर व्यास ने बधाई दी।


Bank of India

रिश्तों की जमापूंजी
Relationship beyond banking

आंचलिक कार्यालय : स्टार हाउस, प्लॉट 9-आरसी, स्कीम नं. 134, एम.आर.-10, स्टार चौराहे के पास, इन्दौर - 4520 010, फोन 2445141-117-134

**ई-निलामी द्वारा वाहन विक्रय सूचना (ई-नीलामी तिथि 09.10.2026, प्रातः 11.00 बजे से 5.00 शाम बजे तक**

हमारी शाखा द्वारा जप्त किये एवं वाहनों का ''जहां है जैसा है'' आधार पर निविदा द्वारा विक्रय किया जाना प्रस्तावित है:

| क्र. | उधारकर्ता एवं शाखा का नाम | वाहन का विवरण | आरक्षित मूल्य (लाख में ) ई.एम.डी.( लाख में) बोली वृद्धि राशि ( लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | शाखा: राऊ, सुश्री दामिनी सेंगर | **Make & Model:-** TATA MOTORS LIMITED/ INTRA V30 PICK UP CX CLB/ 2024<br>**Registration No:-** MP09-DP-3642<br>**Chassis No:-** MAT535346RYB16915 ,<br>**Engine No:-** 1.5CR09BVXS16915<br>**Colour :-** White | 3,94,000.00<br>39,400.00<br>5,000.00 |
| 2. | शाखा: राऊ, सुश्री दामिनी सेंगर | **Make & Model:-** TATA MOTORS LIMITED/ INTRA V30 PICK UP CX CLB/ 2024<br>**Registration No:-** MP09-DP-3655<br>**Chassis No:-** MAT535346RYD14150 ,<br>**Engine No:-** 1.5CR09DVXS40058<br>**Colour :-** White | 3,94,000.00<br>39,400.00<br>5,000.00 |
| 3. | शाखा: गोपूर स्क्वायर, महेश कुमार मदनलाल सौलंकी | **Make & Model:-** SUPER METRO INDUSTRIES/ SUPER METRO 100( E-RICKSHAW)<br>**Registration No:-** MP09FD7440<br>**Chassis No:-** MD9SERC23KM389129,<br>**Engine No:-** SM123AM00129 | 30,800.00<br>3,080.00<br>2,500.00 |
| 4. | शाखा : वाय एन रोड़, पुजा यादव | **Make & Model:-** CONTINENTAL ENGINES PVT LTD/ BAXY RATHE (E-RICKSHAW) / 2023<br>**Registration No:-** MP09DD4586<br>**Chassis No:-** MCS5EDP27RAH49102,<br>**Engine No:-** AA0032 | 45,900.00<br>4,590.00<br>2,500.00 |
| 5. | शाखा : वाय एन रोड़, श्री संजू भालसे | **Make & Model:-** PIAGGIO APE XTRA Xtra LDX/ 2024<br>**Registration No:-** MP09AF1508<br>**Chassis No:-** MBX000AYB3K464521 | 1,70,000.00<br>17,000.00<br>2,500.00 |
| 6. | शाखा : बिचौली मर्दाना, श्री धर्मेन्द्र राजपुत | **Make & Model:-** KIA INDIA PVT LIMITED /SELTOS 1.5 6MT HTK/2023<br>**Registration No:-** MP09 DD 8267<br>**Chassis No:-** MZBEP812LPN581917<br>**Engine No:-** G4FLPV666509 | 8,95,000.00<br>89,500.00<br>2,500.00 |
| 7. | शाखा : सियागंज, मेसर्स शुभम गाठे | **Make & Model:-** MARUTI SUZUKI INDIA LIMITED /DELTA /2023<br>**Registration No:-** MP09 ZW 3698<br>**Chassis No:-** MBHHWB13SPG505377<br>**Engine No:-** K12NP4300399 | 5,10,000.00<br>51,000.00<br>2,500.00 |

**ई-नीलामी के नियम एवं शर्ते :** 1. नीलामी बिक्री / बोली, वेबसाइट **https://baanknet.com,** के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्टानिक बिडिंग प्रकिया द्वारा की जायेगी। 2. बोलीकर्ताओं की सुविधा के लिए वेबसाइट **https://baanknet.com** में जा कर देख सकते हैं। 3. बोली राशि आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। 4. सर्वाधिक/सफल बोलीकर्ता का विक्रय के सम्बंध में अधिकृत अधिकारी द्वारा बोली स्वीकार करने के बाद बोली/क्रय मूल्य के 25 प्रतिशत के बराबर की राशि में पहले से जमा बयाना राशि घटाकर शेष बची राशि अगले कार्यदिवस में जमा कराना होगा। अन्यथा उसकी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी। 5. क्रयमूल्य कि 75 प्रतिशत राशि का भुगतान अधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री कि पुष्टि करने से 15 दिन या उससे पहले अथवा उस बढ़ाई हुई अवधि के भीतर शेष राशि जमा नहीं करा पाने कि दशा में जमा राशि को जब्तकर लिया जायेगा एवं अधिकृत अधिकारी बैंक नीलामी को रद्द कर नये सिरे से नीलामी करने हेतु स्वतंत्र होंगे। 6. अधिकृत/सफल बोलीकर्ता की दशा में बयानाराशि का क्रय मूल्य में समायोजित कर दिया जायेगा एवं असफल बोलीकर्ताओं को वापस कर दिया जायेगा। बयाना राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। 7. चल सम्पत्ति का **जैसा है, जहाँ है** एवं बिना किसी सहारे के आधार पर बेचा जायेगा। इच्छुक बोलीकर्ताओं नीलामी में शामिल होने में पूर्व सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का देय आदि के बारे में जानकारी स्वयं प्राप्त करें। 8. अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक से बिना किसी पूर्व सूचना एवं कारण बताये किसी भी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिक्री को स्थगित करने/टालने रद्द करने अथवा बिकी की नियम व शर्तों को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है। 9. सम्पत्ति के केता को सरकार को देय सभी वैधानिक देयक एवं सम्पत्ति से संबंधित सभी वर्तमान एवं भविष्य के कर, दर व देयक वन करना होगा। 10. देय राशि ब्याज और अन्य शुल्कों को छोड़कर है। 11. इस नीलामी से संबंधित किसी भी तरह का संशोधन/त्रुटि सुधार/शुद्धिपत्र भविष्य में अखबार के माध्यम से प्रकाशित नहीं किया जायेगा कृपया इच्छुक नियमित रूप से ऊपर दी गई वेबसाईट से संज्ञान लेवें। 12. इस नीलामी की प्रक्रिया बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी नहीं बोली लगा सकते। 13. इच्छुक बोलीकर्ता को यूजर आई डी व पासवर्ड स्वयं बनाना है। जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है। अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आई.डी. अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। 14. एक बोली लगाने वाला (बोलीकर्ता) होने की स्थिति में बोली फॉर्म में उद्धत बोली राशि में न्यूनतम एकबोली वृद्धि मूल्य की बढ़ोतरी करनी होगी, अन्यथा विक्रय निरस्त/स्थगित किया जायेगा। 15. एकल बोलीदाता के मामले में प्राधिकृत अधिकारी यह सुनिश्चित करें, उक्त बोलीदाता ने एक मूल्य उद्धत किया है जो आरक्षित मूल्य से अधिक है, हल किया गया। इस शर्त का अधिसूचना में स्पष्टरूप से उल्लेख किया जाना चाहिए।

**स्थानः इन्दौर,**
**दिनांकः 22.09.2026**

**अधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक,**
**बैंक ऑफ इंडिया**